# राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
**जन–सम्पर्क अनुभाग**
118, विद्युत भवन, जनपथ, ज्योतिनगर, जयपुर –302005


## विद्युत निगमों में अभियंता संवर्ग की सीधी भर्ती परीक्षा 11 व 12 अप्रेल 2025 को निर्धारित

## कनिष्ठ अभियंता और कनिष्ठ रसायनज्ञ के कुल 271 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा

## तकनीशियन के 216 पदों पर आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च

**जयपुर, 18 मार्च 2025**

राज्य के पाँचों विद्युत कम्पनियों में कुल 487 पदों के लिये प्रारम्भ की गई भर्ती प्रक्रिया के प्रथम चरण में अभियन्ता संवर्ग के कुल 271 पदों पर राजस्थान के विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाइन परीक्षा 11 और 12 अप्रेल 2025 को आयोजित की जायेगी। अभियन्ता संवर्ग के कुल 271 पदों में कनिष्ठ अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल) के 228 पद, कनिष्ठ अभियन्ता (मैकेनिकल) के 25 पद, कनिष्ठ अभियन्ता (सी एण्ड आई/कम्युनिकेशन) के 11 पद, कनिष्ठ अभियन्ता (फायर एण्ड सेफ्टी) के 2 पद और कनिष्ठ रसायनज्ञ के 5 पद शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त विद्युत निगमों में तकनीशियन–III (आईटीआई)/ ऑपरेटर–III (आईटीआई)/ प्लान्ट अटेन्डेन्ट–III (आईटीआई) के 216 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया जो दिनांक 21 फरवरी 2025 से शुरू हुई थी, की अंतिम तिथि **20 मार्च 2025** है। ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और निगम ने स्पष्ट किया है कि आवेदन करने की अंतिम तिथि को आगे नहीं बढ़ाया जावेगा।

आवेदन के संबंध में अभ्यर्थियों को यदि कोई भी समस्या है या अन्य जानकारी वांछित है तो इसके लिए वे **हेल्पलाइन डेस्क 9414056655** पर संपर्क कर सकते हैं जो सुचारू रूप से कार्य कर रही है।

––––––